एनएचएआई अधिकारियों को जैसलमेर रोड़ पर अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित किया।

- कलेक्टर ने कहा कि अगर एनएचएआई के अधिकारी इस कार्य में कोताही बरतेंगे तो उनके खिलाफ भी एक्शन लिया जायेगा।
- अतिक्रमण के चलते रोड़ पर एक्सीडेंट हो रहे हैं

बीकानेर,(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में गुरूवार को सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में जिला कलेक्टर ने एनएचएआई अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जैसलमेर रोड़ पर हुए अतिक्रमण एनएचएआई के अधिकारी आगामी शनिवार-रविवार को हर हाल में हटायेंगे। पर्याप्त संख्या में पुलिस जाप्ता उपलब्ध करवा दिया जायेगा।

नगर निगम के अधिकारी भी अतिक्रमण हटाने के दौरान साथ रहेंगे। जिला कलेक्टर ने कहा कि अगर एनएचएआई के अधिकारी इस कार्य में कोताही बरतेंगे, तो उनके खिलाफ भी एक्शन लिया जायेगा। जिला कलेक्टर ने कहा कि अतिक्रमण के चलते रोड़ पर एक्सीडेंट हो रहे हैं। इसे किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

बैठक में एसपी कावेन्द्र सिंह सागर ने बीकानेर से हनुमानगढ़ के बीच भारतमाला पर रोड़ के दोनों ओर खेतों में बने ढाबों पर ट्रकों के सड़क पर ही रूकने और पार्किंग करने को लेकर होने वाले एक्सीडेंट की बात उठाई तो एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि भारतमाला पर लगे कैमरे जल्द ही शुरू होने वाले हैं। कैमरे शुरू होने के बाद सड़क पर पार्क होने वाले वाहनों का ऑनलाइन चालान कटना शुरू हो जायेगा। बैठक में जिला कलेक्टर ने कहा कि डूंगरगढ़ रोड़ पर ब्लैक स्पॉट ठीक करने और डूंगरगढ़ में डिवाइडर की ऊंचाई बढ़ाने को लेकर कई बार पीडब्लयूडी एनएच के अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। लिहाजा जिला कलेक्टर ने एसीएस पीडब्लयूडी को इस बाबत डीओ लेटर लिखने के लिए कहा।

बैठक में जिला कलेक्टर ने कहा कि पीबीएम के आगे अनावश्यक वाहन खड़े होते हैं। साथ ही कई ढाबे भी हैं। उन्होंने निगम अधिकारियों को इस रोड़ पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलेक्टर ने हल्दीराम प्याऊ, रिड़मलसर से आगे नापासर चौराहे पर हाई मास्क लाइट लगाने को कहा। शहर में बड़े वाहनों की एंट्री रोकने के लिए शहर के चारों ओर मुख्य मार्गों पर लगाये जाने वाले छह नाकों को जल्द शुरू करने और बीडीए कमिश्नर को इस बाबत बोर्ड लगाने के निर्देश दिए।

बैठक में एसपी कावेन्द्र सागर, नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष, बीडीए आयुक्त डॉ. अपर्णा गुप्ता, एडीएम सिटी रमेश देव, आरएसआरडीसी पीडी शिल्पा कच्छावा, डीटीओ भारती नथानी, बीडीए मुख्य अभियंता ललित कुमार ओझा, पीडब्लयूडी एसई ओ.पी.मंदर, यातायात पुलिस निरीक्षक नरेश निर्वाण, आरयूआईडीपी सहायक अभियंता मनीष बिश्नोई, माध्यमिक शिक्षा से संस्थापन अधिकारी राजेश व्यास, प्रारंभिक से एएओ कमल किशोर शर्मा, संस्थापन अधिकारी सुंदरलाल बारिया समेत एनएचएआई के अधिकारी उपस्थित थे।

श्रीगंगानगर। शिक्षा विभाग की जिला निष्पादन समिति की बैठक गुरूवार को जिला कलेक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में जिला कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में हरियालो राजस्थान के अंतर्गत जिले में जारी पौधारोपण अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने ब्लॉकवार अधिक से अधिक पौधारोपण व जिओ टैगिंग करने के निर्देश दिये।

गत वर्ष लगाये पौधों पर चर्चा करते हुए समस्त विद्यालयों में पौधारोपण करवाने के लिये अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि आमजन के साथ-साथ विद्यार्थियों को भी पौधारोपण और उनकी सार-संभाल के लिए प्रेरित किया जाए। विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए कलेक्टर ने कहा कि प्रभावी कार्य योजना बनाकर ड्रॉप आउट बच्चों को शिक्षा से जोड़ें और उन्हें पढ़ने के लिए जागरूक करें। विद्यालयों में जन आधार और आधार सीडिंग की ब्लॉकवार स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कम्युनिटी व पिंक टॉयलेट की ब्लॉकवारकलेक्टर ने मिड-डे-मिल, बाल गोपाल दुग्ध योजना, सम्पर्क पोर्टल पर परिवाद निस्तारण की समीक्षा की।

डॉ. अमृता दुहन ने एसपी का पदभार संभाला

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले में कानून व्यवस्था की कमान अब आईपीएस डॉ. अमृता दुहन के हाथों में आ गई है। उन्होंने गुरूवार को श्रीगंगानगर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) पद का कार्यभार औपचारिक रूप से ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्हें पुलिस जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

डॉ. दुहन ने कार्यभार ग्रहण करने के तुरंत बाद जिला स्तरीय थानाधिकारियों से परिचयात्मक बैठक की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाने के निर्देश दिए। साथ ही जनता से संवाद, संवेदनशीलता और अपराध नियंत्रण पर जोर देने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य आमजन में सुरक्षा का भाव पैदा करना है। साथ ही कानून व्यवस्था को सशक्त बनाए रखना होगा।

कोटा जिले में एसपी रहते हुए डॉ. अमृता दुहन ने अपने कुशल नेतृत्व से बेहतर पुलिसिंग की मिसाल पेश की थी। उनके कार्यकाल में महिला सुरक्षा, साइबर अपराध की रोकथाम में सुधार हुआ। ट्रैफिक प्रबंधन और संगठित अपराधों पर सख्ती जैसे कई अहम क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला। कोटा में उनकी कार्यशैली की सराहना आमजन से लेकर उच्चाधिकारियें तक ने की थी।

श्रीगंगानगर में एसपी का पदभार संभालने के बाद डॉ. अमृता दुहन ने कहा कि वे जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखेंगी। महिला और बाल सुरक्षा को प्राथमिकता देंगी। साइबर अपराधों पर नियंत्रण करेंगे। साथ ही जनता की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करेंगी। पुलिसिंग में पारदर्शिता लाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जायेंगे।

सार-समाचार

हरियाली तीज पर पौधारोपण

हरियाली तीज पर पौधारोपण के लिए संयुक्त निदेशक (कृषि) कैलाश चौधरी ने कृषि विभागीय अधिकारियों की बैठक ली।

बीकानेर, (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर चल रहे हरियालो राजस्थान अभियान के तहत हरियाली तीज के अवसर पर रविवार को कृषि-उद्यानिकी विभाग द्वारा 30 हजार पौधे लगाये जायेंगे। इसकी तैयारियों के लिए संयुक्त निदेशक (कृषि) कैलाश चौधरी ने गुरूवार को कृषि भवन के आत्मा सभागार में कृषि अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति के लिए तैयार कार्य योजना के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि उपनिदेशक उद्यान द्वारा दस हजार, सहायक निदेशक कृषि बीकानेर द्वारा छह हजार, सहायक निदेशक कृषि श्रीडूंगरगढ़, नोखा और छतरगढ़ द्वारा चार-चार हजार तथा जिला विस्तार अधिकारी बज्जू द्वारा दो हजार पौधों का सघन पौधारोपण किया जायेगा। हरियालो राजस्थान अभियान में कृषि-उद्यानिकी विभाग को 68 हजार 800 पौधे लगाने का लक्ष्य मिला है। अब तक 35 हजार से अधिक पौधे लगा दिए हैं। हरियाली तीज के अवसर पर तीस हजार पौधे लगाकर इन्हें जियो टैग करवाया का रहा है। शत प्रतिशत पौधारोपण सुनिश्चित करते हुए हरियालो राजस्थान ऐप पर इन्हें अपलोड किया जायेगा। बैठक में कृषि एवं उद्यानिकी विभागीय अधिकारी एस. एस. अग्रवाल, रमेश भाम्भू, लक्ष्मण सिंह, देवेन्द्र सिंह, राजेन्द्र पहाड़िया, सोमा विश्नोई, ऋतिका शर्मा, मालाराम जाट, भंवर पचार, मनोज सहारण, महावीर गोदारा, कुसुम, हरीश आदि उपस्थित थे।

स्वतंत्रता दिवस की तैयारी बैठक

एडीएम शहर रमेश देव ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारी बैठक को संबोधित किया।

बीकानेर, (कासं)। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में 15 अगस्त को समारोहपूर्वक मनाया जायेगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव ने मुख्य समारोह की तैयारियों के संबंध में गुरूवार को बैठक कर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कहा कि संबंधित विभाग डॉ. करणी सिंह स्टेडियम का समय पर निरीक्षण कर लें और समय रहते सभी तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शहर की ऐतिहासिक इमारतों और चौराहों को सजाया जाए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बताया कि मुख्य समारोह से पूर्व संभागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर आवास तथा कार्यालय, बीकानेर विकास प्राधिकरण सहित सभी कार्यालयों में ध्वजारोहण होगा। मुख्य समारोह के दौरान देशभक्ति और सांस्कृतिक एकता से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे। उन्होंने परेड, मार्च पास्ट के निरीक्षण, व्यायाम एवं योग प्रदर्शन, पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम, एट होम एवं स्काउट गाइड रैली सहित विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों के बारे में जाना। साथ ही सुरक्षा, बैठक, पेयजल, प्रवेश-निकासी, आमंत्रण पत्र, माइक सहित अन्य व्यवस्थाएं समय पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्य समारोह में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। इस दौरान देशभक्ति गीतों के प्रसारण, सार्वजनिक स्थानों पर लाइटिंग, साफ-सफाई, निर्बाध विद्युत आपूर्ति सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

स्कूल संचालक पर हमला

श्रीगंगानगर, (कासं)। चूनावढ़ में एक निजी स्कूल संचालक पर हमले का मामला सामने आया है। बाइक पर सवार होकर आये बदमाशों ने पिस्तौल और धारदार हथियार से वार किया। बलकरण सिंह (40) ने पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह शाम साढ़े 7 बजे वह प्रदीप माली के घर के पास खड़े थे। इसी दौरान बाइक पर दो लोग आए। इनमें विक्की नायक और मंशा मोहनपुरिया शामिल थे। विक्की के हाथ में पिस्तौल थी। मंशा के पास डंडा और धारदार हथियार था। विक्की ने पिस्तौल तानी लेकिन चला नहीं पाया। मंशा ने धारदार हथियार और डंडे से हमला किया। बलकरण भागकर श्याम माली के घर में छिप गए। लोगों के इकट्ठा होने पर आरोपी भाग गए। बलकरण ने बताया कि 28 जून से ये लोग उनके घर के आसपास चक्कर लगा रहे थे। 30 जून को रात साढ़े 9 बजे विक्की नायक, श्यामसुंदर नायक और एक अन्य व्यक्ति घर के बाहर खड़े थे। गांव वालों से पता चला है कि किसी ने पैसों का लालच देकर विक्की और मंशा को उन्हें जान से मारने के लिए भेजा है। पीड़ित ने यह भी बताया कि वॉट्सएप ग्रप पर उन्हें ब्रोकर कहकर धमकी दी जा रही थीं।

खरीफ की फसलों में कातरा कीट के प्रकोप से नुकसान

- कृषि वैज्ञानिकों ने रैपिड रोविंग सर्वे कर कातरा के प्रकोप का स्तर जाना व नुकसान क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया

बीकानेर, (कासं)। जिले में खरीफ फसल ग्वार, बाजार, मोठ, मूंगफली इत्यादि में कहीं-कहीं कातरा के प्रकोप की सूचना प्राप्त होने पर कृषि वैज्ञानिकों की टीम ने श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में किसानों के खेतों पर रैपिड रोविंग सर्वे कर कातरा के प्रकोप का स्तर जाना व नुकसान क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया।

रैपिड रोविंग सर्वे टीम में संयुक्त निदेशक कृषि कैलाश चौधरी, एसकेआरएयू के वरिष्ठ कीट वैज्ञानिक डॉ वीर सिंह यादव, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ एम. एल. रेगर, सहायक निदेशक कृषि रघुवर दयाल सुथार, कृषि अधिकारी रामनिवास गोदारा, सहायक कृषि अधिकारी हितेश जांगिड़ ने श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में उपनी, गुसाईसर, जसरासर, श्रीडूंगरगढ़ रोही क्षेत्र में प्रभावित किसानों के खेतों में कातरा प्रकोप की स्थिति का निरीक्षण किया। जिले में श्रीडूंगरगढ़ के खेतों में कातरा का प्रकोप बिखरे हुए क्षेत्र में नजर आया है।

कातरा कीट खरीफ फसलों में मोठ, मूंग, बाजरा, ग्वार, तिल की फसलों के लिए नुकसानदायक है। मादा कीट एक बार में 600 से 700 सौ अंडे देती है, जिनसे 2 से 3 दिन में लटें निकल आती हैं। मादा पतंगें पत्तियों की निचली सतह पर अंडे देती हैं, जो पीले रंग के होते हैं और पोस्त के बीज जैसे दिखते हैं। इन अंडों से सूंडियां या लार्वा या लटें निकलती हैं, जो पौधों की पत्तियों को खाती हैं। इसके अलावा इसकी लटें कीड़े के बच्चे फसलों की पत्तियों को कुतरकर नष्ट कर देती हैं, जिससे पौधे सूखकर मर जाते हैं।

नियंत्रण के लिए खेतों की मेड़ पर लालटेन जलाएं। सहायक निदेशक उद्यान मुकेश गहलोत ने बताया कि इसकी रोकथाम प्रकाश पाश क्रिया से संभव है। पतंगों को प्रकाश की ओर आकर्षित करें।

खेत की मेड़ों, चारागाहों व खेतों में गैस, लालटेन या बिजली का बल्ब जलाएं तथा इनके नीचे मिट्टी के तेल मिले पानी की परात रखें ताकि रोशनी पर आकर्षित हो एवं जलकर नष्ट हो जाएं। कातरे की लट की प्रथम व द्वितीय अवस्था में क्यूनालफॉस 1.5 प्रतिशत चूर्ण दवा का 6 किलो प्रति बीघा की दर से भुरकाव करें।

बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। पुलिस ने चोरी की बाइक के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रघुवीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि जवाहर नगर थाना पुलिस ने इस मामले को सुलझा लिया है।

फ्रेंड्स विहार एसएसबी रोड जवाहर नगर निवासी 46 वर्षीय राजकुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 15 जुलाई को उनकी काले रंग की स्पलेंडर प्लस बाइक (नंबर आरजे 13 सीएस 1163) घर के बाहर से दोपहर 3:30 बजे चोरी हो गई थी। थानाधिकारी देवेन्द्र सिंह के सुपरविजन में हैड कानि. गुरमेल सिंह के नेतृत्व में बनाई टीम ने तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना पर आरोपी को पकड़ा। आरोपी की पहचान सुमित कुमार के रूप में हुई है। वह वार्ड नंबर 47, इंद्रा चौक के पास कुम्हार मोहल्ला का रहने वाला है और फिलहाल 1 एमएल कालूवाला टावर के पास रह रहा था। पुलिस ने आरोपी से चोरी की बाइक बरामद कर ली है।

फिरौती वसूलने के 3 आरोपी गिरफ्तार

- एक आरोपी के पास से अवैध देसी पिस्तौल बरामद

श्रीगंगानगर, (कासं)। सादुलशहर में पुलिस ने फिरौती मांगने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी के पास से अवैध देसी पिस्तौल भी बरामद हुई है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रघुवीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि नई धान मंडी सादुलशहर में भवानी ट्रेडिंग कंपनी के मालिक मित्रसेन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। मित्रसेन ने बताया कि 17 अगस्त 2024 को उन्हें फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई। धमकी देने वालों ने 30 हजार रूपए की मांग की। डर के मारे व्यापारी ने पैसे दे दिए। इसके बाद आरोपी हर महीने धमकी देकर पैसे मांगते रहे। अब तक वे करीब 1.75 लाख रूपए वसूल चुके थे। 2 जुलाई 2025 को आरोपी दुकान पर आए और 25 जुलाई तक 2 लाख रूपए की मांग की। वृत्ताधिकारी राहुल यादव के निर्देशन में उप-निरीक्षक नरेश कुमार की टीम ने जांच शुरू की। टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों में बुधसिंहवाला के पंकज कुमार (21), सादुलशहर के देवांशु (30) और खैरूवाला के फिरोज खान उर्फ फौजी (19) शामिल हैं। पंकज कुमार के पास से एक अवैध देसी पिस्तौल बरामद की गई है।

वहीं श्रीविजयनगर में एक टैक्सी ड्राइवर की कार चोरी के मामले को पुलिस ने महज 12 घंटों में सुलझा लिया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की कार, फर्जी नंबर प्लेट और डुप्लीकेट चाबी बरामद कर ली है। दीपक कुमार ने 21 जुलाई को श्रीविजयनगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

तेज धूप और उमस ने किया परेशान

- बीकानेर गंगानगर हनुमानगढ़ व चूरू में बारिश नहीं हो रही

बीकानेर, (कासं)। यहां तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पारा 36.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। बीकानेर में फिलहाल बारिश को लेकर भी कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। ऐसे में पिछले दिनों 6 से 7 डिग्री सेल्सियस तक गिरा तापमान एक बार फिर बढ़ते क्रम में नजर आ रहा है।

बीते चौबीस घंटे में बीकानेर में अधिकतम तापमान में 21 जुलाई के बाद बढ़ोतरी शुरू हुई है। 31 को बीकानेर में अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री सेल्सियस था जो दो दिन बाद ही 24 जुलाई को 36.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस की ये बढ़ोतरी दोपहर में तेज धूप के रूप में अहसास करा रही है। वहीं रात का पारा अभी तीस डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच रहा है।

मौसम विभाग ने अगले कुछ दिन तक बीकानेर सहित पश्चिमी राजस्थान के किसी हिस्से में बारिश की चेतावनी नहीं दी है। पश्चिमी राजस्थान में बारिश का दौर पूर्वी राजस्थान की तुलना में काफी कम रहा है। कई क्षेत्रों में हालात विकट है लेकिन बीकानेर सहित कुछ जिलों में बारिश उम्मीद से कम हो पाई है। बीकानेर संभाग के बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ व चूरू में बारिश नहीं हो रही है।

106 किलो डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार

नोखा, (कासं)। नोखा क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जिला पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह के निर्देशन में नोखा थाना प्रभारी अमित स्वामी की टीम ने एक व्यक्ति से 106 किलो डोडा पोस्त बरामद किया है।

पुलिस ने बीरमसर गांव के हंसराज जाट (27) को गिरफ्तार किया है। आरोपी हुंडई कार से मादक पदार्थों की तस्करी करता था। पुलिस ने आरोपी से बरामद डोडा पोस्त और उपयोग की गई कार को जब्त कर लिया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच जसरासर थाना प्रभारी संदीप पूनिया को सौंपी गई है। पुलिस अब खरीद-फरोख्त में शामिल तस्करों की जानकारी जुटा रही है।

लचर पुलिस व्यवस्था से पनप रहे वन माफिया!

- वन विभाग की रेंजर और भानीपुरा में खेजड़ी बचाने के लिए गश्त करते ग्रामीणों पर फायरिंग से आक्रोश

नोखा, (कासं)। लूणकरनसर में वन विभाग की रेंजर को पेट्रोल छिड़क कर जलाने की कोशिश और भानीपुरा में खेजड़ी बचाने के लिए गश्त करते ग्रामीणों पर फायरिंग को लेकर पर्यावरण प्रेमियों में आक्रोश है।

कलेक्ट्रेट के समक्ष चल रहे धरने पर दोनों घटनाओं की निंदा करते हुए पर्यावरण प्रेमियों ने जिला और पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाये हैं। पर्यावरण संघर्ष समिति के तत्वावधान में खेजड़ला की रोई नोखा दईया में 371 वें दिन और जिला कलेक्टर मुख्यालय के आगे धरना 5 वें दिन जारी रहा। संघर्ष समिति के संयोजक रामगोपाल बिश्नोई ने कहा कि जिला प्रशासन और पुलिस की लचर व्यवस्था के कारण वन माफिया के हौसले बढ़ गए हैं। सोलर कंपनियों ने खेजड़ी के पेड़ों को काटने का काम असामाजिक तत्वों को सौंप रखा है, जो हथियारों से लैस होकर रात में वारदात करते हैं। विरोध करने पर ग्रामीणों पर जानलेवा हमला किया जा रहा है।

रासीसर के पूर्व सरपंच भैरूलाल मंडा ने हजारों साल पुराने पेड़ों को उजाड़कर सरकार बहुत बड़ा पाप कर रही है। शुभकरण डेलू प्रदेश उपाध्यक्ष बिश्नोई युवा मंडल, पंचायत समिति सदस्य ओ.पी. खीचड़ ने कहा यह सरकार नहीं मानी तो जड़ें हिला देंगे। ओम भादू ने कहा कि सरकार को सोलर नीति में परिवर्तन करने की आवश्यकता है। धरने पर अलका बिश्नोई, पुष्पा, बनवारी सियाग, रिटायर्ड तहसीलदार हनुमान बेनीवाल, शिवदान मेघवाल, किसनाराम खीचड़ बंधाला, रामप्रताप वर्मा, भगवानाराम डेलू, पूर्व पार्षद रामरतन डेलू, सज्जन कुमार हरीराम खीचड़, जगदीश भांभू मनोज खीचड़ आदि मौजूद थे।

बच्ची का अंतिम संस्कार : बीछवाल में फैक्ट्री के हाइड्रोलिक गेट में फंसकर 5 साल की बच्ची की मौत हो गई थी। फैक्ट्री मालिक और बच्ची के परिजनों में बातचीत के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए आरएसीपी कॉलोनी के श्मशान ले जाया गया। वहां परिजनों ने फैक्ट्री मालिक की ओर से आपसी सहमति की शर्त पूरी नहीं करने के कारण अंतिम संस्कार रोक दिया। भाजपा नेता भगवानसिंह मेड़तिया भी वहां पहुंच गए।

एस.के.फाइनेंस लिमिटेड
(CIN : U65923RJ1994PLC009051)
पंजीकृत कार्यालय: जी 1-2, न्यू मार्केट, सांगा कोठी सर्किल, जयपुर- 302001 टोल फ्री: 1800 1039 039
ई-मेल : info@skfkin.in

शाखा कार्यालय स्थानान्तरण करने हेतु सार्वजनिक सूचना

सर्वसूचित किया जाता है कि कम्पनी प्रबंधक के निर्णयानुसार हम अपनी **कोलायत शाखा** को नये पते पर स्थानान्तरित कर रहे हैं:-

पुराना पता- ग्राउण्ड फ्लोर, मैन सदर बाजार, एलआईसी ऑफिस व रोडवेज बस स्टैंड के पास, तहसील-कोलायत, जिला-बीकानेर-334302 (राजस्थान)

नया पता- पट्टा नं. 146, पहली मंजिल, मैन सदर बाजार, एलआईसी ऑफिस व रोडवेज बस स्टैंड के पास, तहसील कोलायत, जिला बीकानेर - 334302 (राजस्थान)

अतः हम अपने सभी ग्राहकों से अनुरोध करते है कि भविष्य में हमारी किसी भी तरह की लोन सुविधाओं के लिए हमारे नये पते पर संपर्क करें।

फोटो खिंचवाने के लिए पौधारोपण नहीं करें बल्कि मन से लगाकर पालें : डॉ. मेहता

अश्व अनुसंधान केन्द्र बीकानेर के औषधीय उद्यान में महावीर इन्टरकोन्टीनेटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन ग्रेटर के सौजन्य से पौधारोपण किया।

- अश्व अनुसंधान में पौधारोपण कर हरित महोत्सव मनाया

बीकानेर, (कासं)। राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र पर आज महावीर इन्टरकोन्टीनेटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन बीकानेर ग्रेटर के सौजन्य से औषधीय उद्यान में पौधारोपण कर हरित महोत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केन्द्र के प्रभागाध्यक्ष डॉ. एस. सी. मेहता ने कहा कि आप सिर्फ़नाम कमाने एवं फोटो खिंचवाने के लिए या किसी संस्थागत लक्ष्य को पूरा करने के लिए पौधारोपण नहीं करें बल्कि मन से इसे लगाएं एवं नैतिकता से इसे पालें। अगर आपने इसे सिर्फ पानी पिला रखा है तो यह न केवल अपनी वृद्धि कर लेगा बल्कि अत्यधिक गर्मी एवं सर्दी से भी लड़ लेगा।

महान वैज्ञानिक जगदीश चन्द्र बसु ने सिद्ध किया था कि पौधों में भी संवेदना होता है। इसलिए उसकी संवेदना का सम्मान करें एवं दिन में एक बार उससे मिलने ज़रूर जाएं। आपके मिलने से वह बहुत खुश होगा एवं उसे जिंदा रहने के लिए हौसला मिलेगा। इस अवसर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेश गोयल ने कहा कि पौधारोपण एवं संरक्षण के लिए हम प्रतिबद्ध हैं एवं मेरी दिली इच्छा है कि शीघ्र ही वृहद स्तर पर पौधे तैयार कर पूरे क्षेत्र में निःशुल्क बांटने का कार्य हम करें। मैं इस कार्य के लिए तन मन धन से सहयोग करूंगा एवं आप सभी के सहयोग से हमारी संस्था इस कार्य के लिए जानी जाए ऐसे हम प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता महेन्द्र जैन ने कहा कि पेड़ लगाने से बड़ा कोई पुनीत कार्य नहीं एवं आज से 26 सौ वर्ष पहले भगवान महावीर ने कहा था कि पेड़ों में भी जीवन है एवं वह संवेदनाएं समझते हैं। इस अवसर पर प्रसिद्ध साहित्यकार राजेंद्र जोशी ने कहा कि अच्छे कार्य करो एवं उसको आधुनिक संसाधनों का प्रयोग कर अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाओ, इससे जनचेतना आती है।

लापता बच्चे का शव नहर में मिला

बीकानेर, (कासं)। जिले के सत्तासर गांव से दो दिन पहले लापता हुए चार साल के बच्चे का शव इंदिरा गांधी नहर में मिला। एसडीआरएफ की टीम ने शव को बाहर निकाला।

ये बच्चा मंगलवार दोपहर करीब एक बजे घर से लापता हुआ था। घर वाले परिजनों के यहां और आस-पास के गांवों में ढूंढ़ते रहे लेकिन अब वो नहर में मृत अवस्था में मिला है। अजान खां (4 साल) पुत्र लाल खां मंगलवार दोपहर एक बजे अपने घर पर नहीं था। घरवालों ने आनन-फानन में पहले पड़ौसियों के यहां ढूंढा और आस-पास के खेतों में देखा लेकिन बच्चा नहीं मिला।

इस पर पुलिस को सूचना दी गई। बच्चे के पैरों के निशान इंदिरा गांधी नहर के पटरे तक नजर आए। इंदिरा गांधी नहर में गिरने की आशंका को देखते हुए परिजनों ने छतरगढ़ पुलिस को सूचना दी। थानाधिकारी भजनलाल लावा ने एसडीआरएफ टीम से संपर्क किया। एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू कर नहर से निकाला।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांकः- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 24/07/2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 46 के किला नं. 23 में भूखण्ड संख्या का माप 15' गुणा 60'-0'' फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्रीमती रेखा अरोड़ा पत्नी श्री चेतन अरोड़ा निवासी 31/2 आदर्शनगर श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती रेखा अरोड़ा पत्नी श्री चेतन अरोड़ा निवासी 31/2 आदर्शनगर श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 46 के किला नं. 23 में भूखण्ड संख्या का माप 15' गुणा 60'-0'' फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2025/4250 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 22-07-2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती कैलाश पत्नी स्व. श्री बसंत कुमार निवासी धमूडवाली तहसील पदमपुर, श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण		
भूमि का विवरण	मूल भूखण्डधारी	मृतु प्रमाण का विवरण	उत्तर वारिसों का विवरण	दस्तावेज का विवरण
चक 3 ए छोटी मुरब्बा सं. 44 के किला सं. 16 में भूखण्ड माप 30×50 फीट, भूखण्ड सं. बी-2, ग्रीन फील्ड एवेन्यु, श्रीगंगानगर	आवासीय नियमन पट्टा सं. 1858 दिनांक 13.01.2015 को बसंत कुमार पुत्र श्री फत्राराम के नाम से जारी है। जो आज कि तिथि में दर्ज है।	श्री बसंत कुमार की मृत्यु दिनांक 24.04.2017 को हो चुकी है।	1. कैलाश-पत्नी 2. सौरभ बीरड़- पुत्र 3. विमुल-पुत्र	श्री बसंत कुमार की मृत्यु उपरांत इनके वारिसों द्वारा दिनांक 03.07.2025 को श्रीमती कैलाश के हक में हकत्याग किया गया। श्रीमती कैलाश द्वारा दस्तावेजों की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड का अपने नाम से नामांतरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में **श्रीमती कैलाश पत्नी स्व. श्री बसंत कुमार निवासी धमूडवाली तहसील पदमपुर, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्